बिहार शिक्षा परियोजना
जिला स्तरीय कार्यालय,
कालीबाड़ी रोड, गोविन्दधाम
भट्टा बाजार, पूर्णिया – 854301

Bihar Education Project,
District Level Office,
Kalibari Road, Govinda Dham
Bhatta Bazar, Purnia - 854301

पत्रांक K.G.B.V /
दिनांक / /2023

कार्यालय–आदेश

जिले के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में वार्डेन–सह–शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका (भाषा, विज्ञान एवं गणित, सामाजिक विज्ञान) एवं लेखापाल–सह–सहायक के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु बाह्य एजेंसी के द्वारा 13 एवं 17 मार्च 2023 को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। एजेंसी के द्वारा वेबसाईट bepcniyojan.in पर उपर्युक्त सभी पांचो पदों की जिलावार तैयार मेधा सूची अपलोड की जा चुकी है। एजेंसी के द्वारा जिले से उपलब्ध कराये गये विभिन्न पदो के लिए रोस्टर बिन्दु के आधार पर पदवार औपबंधिक चयनित सूची तैयार की गयी है।

चयनित सूची में अंकित अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का मिलान एवं सत्यापन नीचे अंकित शेड्युल के अनुसार **संवाद कक्ष, कार्यालय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा, पूर्णिया** में की जाऐगी :–

क्रम	पद का नाम	तिथि एवं समय	प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम
1	2	3	4
1	1. वार्डेन–सह–शिक्षिका 2. अंशकालिक शिक्षिका (भाषा) 3. लेखापाल–सह– सहायक	दिनांक 26.07.2023 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक	1. श्री सूजीत कुमार सिंह (अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक) 2. श्री शशि शेखर शर्मा (लेखा अधिकारी) 3. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (सहायक साधन सेवी) 4. श्री प्रेम कुमार (सहायक साधन सेवी) 5. श्री कुमार दीपक (कार्यक्रम सहायक) 6. मो0 शम्स आलम (कार्यक्रम सहायक)
2	1. अंशकालिक शिक्षिका (विज्ञान एवं गणित) 2. अंशकालिक शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान)	दिनांक 27.07.2023 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक	

चयनित सूची में अंकित अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त अंकित निर्धारित तिथियों को **संवाद कक्ष, कार्यालय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा, पूर्णिया** में अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के अलावे अपना दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, पेनकार्ड, आधारकार्ड ,बैंक अकाउंट के पासबूक की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर सभी प्रमाण पत्रों का मिलान एवं सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

- ह0 -

(कौशल कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं स0 शि0, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– K.G.B.V./ 1420 पूर्णियाँ, दिनांक– 25/07/2023

प्रतिलिपि– सभी संबंधित अभ्यार्थियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– सभी संबंधित कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्णियाँ की सेवा में सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी, पूर्णियाँ की सेवा में सूचनार्थ समर्पित।

25/07 25/07/23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं स0 शि0, पूर्णियाँ।

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

☎:06454-226206. fax: 06454-226206. Email:ssapurnia@gmail.com. Website www.beppurnea.org